## विषय : हिन्दी (विशिष्ट) **Set-C**

**निर्देश—** (i) सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** वस्तुनिष्ठ प्रश्न खण्ड—अ, ब में विभाजित है। इसमें 10 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **2** से **7** तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक **8** से **13** तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक **14** से **19** तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक **24** एवं **25** में 8 अंक निर्धारित हैं। प्रश्न क्रमांक **24** का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।

### खण्ड–अ

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) कल्हण, इस विषय के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं—

(अ) हिन्दी (ब) मलयालम

(स) संस्कृत (द) असमी।

(ii) महादेवी वर्मा की किस कविता को 'मंगल प्रसाद' पारितोषिक से सम्मानित किया गया ?

(अ) नीहार (ब) नीरजा

(स) यामा (द) रश्मि

(iii) बिहारी सतसई काव्य है—

(अ) गेयमुक्तक (ब) खण्डकाव्य

(स) पाठ्यमुक्तक (द) आख्यान

(iv) ''रामध्यान मंजरी'' काव्य के रचयिता हैं—

(अ) स्वामी अग्रदास (ब) तुलसीदास

(स) नरोत्तमदास (द) नाभादास

(v) सूरदासजी ने अपने आराध्य की भक्ति की है—

(अ) दास्य भाव (ब) सखा भाव

(स) अरि भाव (द) इनमें से कोई नहीं।

### खण्ड ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) 'पुरस्कार' कहानी की नायिका .......... है।

(ii) 'दीपदान' एकांकी के लेखक .......... हैं।

(iii) सुदामाचरित में .......... शैली का अनुसरण किया गया है।

(iv) पंडवानी का अभिन्न संगी और सहचर .......... है।



(v) .......... को हिन्दी साहित्य का 'स्वर्णकाल' कहते हैं।

2. कवि ने ''मोतियों की लड़ी'' किसे कहा है ?

3. निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए **एक** शब्द लिखिए—

(क) ईश्वर में विश्वास करने वाला

(ख) जिसके आने की निश्चित तिथि न हो।

4. सोना किसकी पुत्री है ?

5. रागी किसे कहते हैं ?

6. 'बाबू' संबोधन किसके प्रति था ?

7. प्रातः उठकर कृष्ण क्या-क्या खाते हैं ?

8. मजदूरों का पारिवारिक जीवन कैसे व्यतीत होता है ?

9. 'पुरस्कार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

10. पन्नाधाय उदयसिंह को चित्तौड़ का सूरज क्यों कहती हैं ?

11. श्रीकृष्ण ने सुदामा का किस प्रकार स्वागत किया ?

12. दिये गये वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :

(क) वह कल घर जायेगा। (संदेहवाचक)

(ख) मैं काश्मीर देखना चाहता हूँ। (मिश्रवाक्य)

(ग) उसने कहा मैं उत्तीर्ण हो गया हूँ। (सरलवाक्य)

13. कहानी और उपन्यास में कोई **तीन** अन्तर लिखिए।

14. कंप्यूटर के विकास को एक क्रांति का नाम क्यों दिया गया है ? समझाइए।

**अथवा**

''आप चारों ओर घूमकर सभी दिशाओं में इसे फूंक दीजिए।'' लेखक शरद जोशी ने ऐसा क्यों कहा ?

15. डॉ. हरगोविन्द खुराना की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

डॉ. सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

16. डॉ. भगवत शरण उपाध्याय **अथवा** शरद जोशी का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**)

(ii) भाषा एवं शैली की **दो-दो** विशेषताएँ

(iii) साहित्य में स्थान।

17. जैतखाम क्या है ? समझाइये।

**अथवा**

पंडवानी के कथा-गायन का केन्द्रीय चरित्र कौन है ? स्पष्ट कीजिए।

18. अछूत कन्या को चौके में न आने देने पर गाँधीजी ने महिलाओं को क्या सबक सिखाया।

**अथवा**

अस्पृश्यता के संबंध में गाँधीजी के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

19. सुमित्रानंदन पंत **अथवा** संत कबीरदासजी का परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई **दो**)

(ii) भावपक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ

(iii) कला पक्ष की कोई **तीन** विशेषताएँ।

20. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ में प्रसंगविशेष सहित व्याख्या कीजिए :

''उत्साह की गिनती अच्छे गुणों में होती है। किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से होता है। वही उत्साह जो कर्तव्य कर्मों के प्रति इतना सुन्दर दिखाई पड़ता है, अकर्तव्य कर्मों की ओर होने पर वैसा श्लाध्य नहीं प्रतीत होता। आत्मरक्षा, पर-रक्षा, देश-रक्षा आदि के निमित्त साहस की जो उमंग देखी जाती है उसके सौन्दर्य को परपीड़न, डकैती आदि कर्मों का साहस कभी नहीं पहुँच सकता।''

**अथवा**

''जब मशीन की चपेट में आकर मैं अपाहिज हो जाता, मेरा नाम रजिस्टर से खारिज कर दिया जाता, जब मैं उसकी चोट से गिरकर फिर न उठ पाता, तब सड़क के कूड़ों में डाल दिया जाता। मेरी मृत्यु की जवाबदेही किसी को न थी न मेरे बाल-बच्चों के प्रति न मालिकों की अपनी सरकार के प्रति।''

21. आपका नाम संतोष कुमार भारती है। आप शा. उ. मा. विद्यालय, अंबिकापुर में कक्षा दसवीं के छात्र हैं। अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए, जिसमें निर्धन छात्रनिधि से सहायता हेतु निवेदन किया गया हो।

**अथवा**

अपने मित्र गोपालकृष्ण को उसके अनुत्तीर्ण हो जाने पर संवेदना प्रकट करते हुए प्रेरक-पत्र लिखिए, जिसमें वह इस बार अच्छी तैयारी के साथ उत्साहपूर्वक परीक्षा में बैठे।

22. ''पुरस्कार कहानी प्रेम और कर्तव्य के संघर्ष का अनूठा उदाहरण है।'' इस कथन की सत्यता प्रमाणित कीजिए।

**अथवा**

'वर्षा सुन्दरी' गीत में महादेवी वर्मा ने वर्षा को रूपसि की संज्ञा दी है। वर्षा और रूपसि में निहित **पाँच** समानताओं का उल्लेख कीजिए।

23. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ में प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिए :

जसुदा कहँ लौं कीजै कानि।
दिन प्रति कैसे सही परति है, दूध-दही की हानि।।
अपने या बालक की करनी, जौ तुम देखौ आनि।
गोरस खाई, खवावै लरिकनि, भाजत भाजन भानि।।
मैं अपने मंदिर के कोने, राख्यो माखन छांनि।
सोई जाई तिहारे ढौटा, लीन्हो है पहिचानि।।

**अथवा**

पग नुपुर औ पहुँची कर कंजनि, मंजुबनी मनिमाल हिये।
नवनील कलेवर पीत झंगा झलकैं, पुलकैं नृप गोद लिये।।
अरबिंद सो आनन, रूप मकरन्द अनंदित लोचन-भृंग पिये।
मन मों न बस्यौ अस बालक जौं, तुलसी जग में कल कौन जिये।।

24. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :

(क) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ख) जीवन में खेलों का महत्व

(ग) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(घ) शिक्षित बेरोजगारी : कारण और निदान

(ङ) भारतीय समाज में नारी का स्थान।

25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे कोई **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''मन के सशक्त होने पर शरीर में शक्ति व स्फूर्ति आती है। यदि मन दुर्बल है तो शरीर निष्क्रिय रहेगा। यह संसार शक्तिशाली का है; शक्तिहीन का इस संसार में कोई ठौर-ठिकाना नहीं है। कायर व्यक्ति मृत्यु से पहले ही अनेक बार मरता है, कायरता का संबंध मन से है, कायरता का दूसरा नाम ही मन की हार है। परिणामत: मन की हार अत्यंत भयंकर है। मनुष्य भाग्य का निर्माता है पर कायर पुरुष नहीं।''

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) हमारे शरीर में शक्ति व स्फूर्ति कब आती है ?

(ग) किस व्यक्ति का इस संसार में ठौर-ठिकाना नहीं है ?

(घ) कायरता का दूसरा नाम क्या है ?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।